C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:54 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:57 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 205 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 7 फरवरी 2025



सोनू सूद की बढ़ी मुश्किलें...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह रहेंगे समापन पर मुख्य अतिथि



**हल्द्वानी।** 14 फरवरी को राष्ट्रीय खेलों का भव्य समापन होगा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। 28 जनवरी से शुरू हुए राष्ट्रीय गेमों के भव्य समापन की तैयारी में खेल विभाग और प्रशासन जुट गया है। समापन में हजारों की तादाद में लोग अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पहुंचेंगे इसके लिए पुलिस प्रशासन पार्किंग और क्राउड मैनेजमेंट सहित बीआईपी के सुरक्षा को लेकर तैयारी में जुट गया है आईजी कुमाऊं योगेंद्र सिंह रावत,एसडीएम परितोष वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समापन कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए शानदार रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें लगभग 600 से अधिक कलाकार प्रतिभा करेंगे। समापन की शाम को यादगार बनाने और लोगों को आने-जाने में परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने में जुटा है।

### बुलडोजर कार्रवाई मामले में अदालत की अवमानना का आरोप



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर 2024 को दिए अपने आदेश में बिना पूर्व नोटिस और सुनवाई का मौका दिए बगैर बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था। याचिका में आरोप लगाया गया है कि उत्तर प्रदेश प्राधिकरण द्वारा अदालत के आदेश की अवमानना की गई।

# सीएम धामी बोले- यूसीसी लागू कर अपना वादा पूरा किया

**यूएसनगर**
**हमारे संवाददाता**

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर शिवालिक वेलोड्रम में हुए ट्रैक साइकिलिंग की प्रतियोगिता देखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में यूसीसी लागू कर जनता से किया वचन पूरा किया है। यूसीसी लागू होने से सभी को समानता का अधिकार मिलेगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर शिवालिक वेलोड्रम में हुए ट्रैक साइकिलिंग की प्रतियोगिता देखी। इस दौरान खिलाड़ियों ने सीएम के समक्ष वेलोड्रम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यूसीसी लागू कर जनता से किया वचन पूरा



किया है। यूसीसी लागू होने से सभी को समानता का अधिकार मिलेगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही उन्हें सशक्तिकरण करेगा। लिंग, जाति के भेद और कुरीतियों से मुक्ति मिलेगी। इसमें सभी के लिए प्रावधान किया गया है। अब अन्य राज्य भी इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गुजरात ने भी यूसीसी की कमेटी बना दी है। यह गंगोत्री देवभूमि से निकली है और देश के अन्य राज्य भी इसका लाभ लेंगे।

इससे पहले बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री धामी हेलिकाप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। वहां से कार से मनोज सरकार स्टेडियम पहुंचकर ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता को दर्शक दीर्घा से देखा। उन्होंने पुरुष वर्ग के टीम परस्यूट डिस्टेंस 4000 मीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता सर्विसेज स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड, रजत पदक विजेता पंजाब व कांस्य पदक विजेता राजस्थान के खिलाड़ियों को मेडल पहनाए और शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ भोजन किया और व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेल प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। वे स्वयं पूरे प्रदेश में हो रहे विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहुंचकर खिलाड़ियों की व्यवस्थाएं देख रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खिलाड़ियों के लिए व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी बेहतर देखने को मिल रहा है। अभी तक लगभग 30 से अधिक मेडल उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हासिल किए हैं। प्रधानमंत्री ने बाबा केदार की भूमि से कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। उनके कहे हुए शब्द सिद्धि की ओर जा रहे है।

शपथ ग्रहण समारोह की साक्षी हल्द्वानी की जनता भी बनीं

# हल्द्वानी में मेयर व पार्षदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ





**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी-काठगोदाम नगर निगम को आज नया मेयर मिल गया है। रामलीला ग्राउंड पर आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित महापौर गजराज सिंह बिष्ट को आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इसके बाद मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। रामलीला ग्राउंड पर भव्य शपथ ग्रहण समारोह इस पल की साक्षी हल्द्वानी की जनता भी बनी।

शहर के हजारों लोगों की मौजूदगी में मेयर गजराज सिंह बिष्ट और नवनिर्वाचित पार्षदो ने पद और गोपनीयता की शपथ ली है। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या,कालाढुंगी विधायक बंशीधर भगत,विधायक नैनीताल सरिता आर्या,जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, जिला पंचायत प्रशासक बेला तोलिया, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, प्रदेश सह मिडिया प्रभारी चंदन बिष्ट,मजहर नईम नवाब, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ,नगर आयुक्त रिचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई,एसडीएम परितोष वर्मा भी मौजूद रहे।

रामलीला ग्राउंड में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता की मौजूदगी में भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

# न्यायालय ने याचिका को स्वीकारा कांग्रेस मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने चुनाव परिणाम को दी चुनौती

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा चुनाव ट्रिब्युनल सुबीर कुमार की न्यायालय ने हल्द्वानी के मेयर पद के लिए हुए निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी ललित जोशी ने चुनाव परिणाम को चुनौती दी है, जिसमें भाजपा प्रत्याशी को 71,962 मत मिले थे, जबकि उन्हें 68,068 मत मिले थे। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि चुनाव में 6769 मत निरस्त हुए हैं, जो जीत के अंतर से कहीं ज्यादा हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मतदान फार्म-19 में दर्ज मतों की संख्या और मतपेटियों से प्राप्त मतों की संख्या में भी अंतर पाया। याचिका में यह भी कहा गया है कि कुछ मतदान केंद्रों जैसे आनंदा अकादमी डहरिया मुखानी, महर्षि विद्या मंदिर, और अन्य बूथों पर भी मतों का गड़बड़ हिसाब पाया गया। इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब थे और कई मामलों में गलत नाम दर्शाकर लोगों को मतदान से रोका गया था। याचिका में यह भी आरोप था कि मतदाता सूची में करीब 25 फीसदी गड़बड़ी थी। न्यायालय ने इस मामले में रिटर्निंग ऑफिसर, शहरी विकास विभाग और संबंधित प्रत्याशियों को नोटिस जारी किए हैं। सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है।इसके अतिरिक्त हल्द्वानी के वार्ड 11 के सभासद पद के चुनाव को भी चुनौती देने वाली याचिका न्यायालय ने स्वीकार की है। इस याचिका को भासकर चंद्र (नवाबी रोड तल्ली बमोरी निवासी) ने दायर किया है, जिसमें विजयी प्रत्याशी के खिलाफ आरोप लगाया गया है कि उनके नामांकन शपथपत्र में कई जानकारियां छिपाई गई हैं, जिनमें उनके खिलाफ चल रहे क्रिमिनल केस भी शामिल हैं।

याचिका में यह आरोप है कि इस मामले में निर्वाचन अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई नहीं की और चुनाव परिणाम को वैध घोषित किया।याचिका में डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, और विजयी प्रत्याशी को प्रतिवादी बनाया गया है। न्यायालय ने इस मामले में भी रिटर्निंग ऑफिसर और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है और सुनवाई के लिए 3 मार्च की तिथि तय की है।

# राज्य में प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी पर 18 से होगी जनसुनवाई

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग (यूईआरसी) राज्य में प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी पर 18 फरवरी से जनसुनवाई शुरू करने जा रहा है। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने विद्युत दरों में 12.01 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव आयोग में दाखिल किया है।

आयोग ने चार शहरों में जनसुनवाई की तिथियां तय की हैं। लोहाघाट में 18 फरवरी, रुद्रपुर में 19 फरवरी, गोपेश्वर में 25 फरवरी और देहरादून में 28 फरवरी को जनसुनवाई होगी। उपभोक्ता इन सुनवाई सत्रों में शामिल होकर अपनी राय दे सकते है।



बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी पर उपभोक्ता 15 फरवरी तक अपने लिखित सुझाव जमा कर सकते हैं। सुझाव नियामक आयोग के कार्यालय, यूपीसीएल के खंड कार्यालयों या ईमेल के जरिए भेजे जा सकते हैं।आयोग ने यूपीसीएल के सभी खंड कार्यालयों और अपनी वेबसाइट पर नई टैरिफ दरों से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराई है। सुझावों पर विचार-विमर्श के बाद आयोग नई दरों पर अंतिम निर्णय लेगा, जो 1 अप्रैल से लागू होंगी।

# कृषि व पशुपालन को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता बढ़गी: सीएम योगी

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए उत्तराखंड पहुंचे हैं। वह तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे पर गुरुवार को उत्तराखंड पहुंचे। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान वह यहां एक बच्चों को दुलारते नजर आए। उन्होंने बच्चे को गोद में लिया। और कुछ देर उसके साथ हंसते-खेलते रहे। सीएम योगी तीन दिवसीय दौरे पर हैं। वे अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने आए हैं, लेकिन इसके साथ ही वह यहां कार्यक्रमों में भी



शामिल हो रहे हैं। महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने राज्य से हो रहे पलायन और बंजर खेतों पर दुख जताया। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि खेतों को बंजर छोड़ने के बजाय इस पर कुछ न कुछ खेती किसनी करें। खेत आबाद होंगे तो पलायन भी रुकेगा। पलायन कीवजह से गांव के गांव खाली हो रहे हैं। उत्तराखंड सीमांत प्रदेश है। यह राष्ट्र सुरक्षा की दृष्टि से भी उचित नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड के गांवों से पलायन रोकने के लिए कृषि और पशुपालन पर जोर दिया। कहा कि स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और कृषि व पशुपालन को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सकती है, जिससे पलायन को रोका जा सकेगा। उन्होंने प्रदेश को नशामुक्त बनाने और इसे देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान लोगों से किया। मुख्यमंत्री योगी बृहस्पतिवार को महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय विथ्याणी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वह यमकेश्वर ब्लॉक अंतर्गत अपने पैतृक गांव पंचूर में तीन दिवसीय भ्रमण पर पहुंचे हैं। पहले दिन उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय विथ्याणी में ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। उसके बाद उन्होंने आनंद सिंह बिष्ट स्मृति पार्क में 100 फीट ऊंचे तिरंगे और दो दिवसीय किसान मिले का उद्घाटन किया।

# फुटबॉल: हरियाणा की टीम उड़ीसा पर भारी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

38 वे राष्ट्रीय खेल के तहत हल्द्वानी में आयोजित फुटबॉल मैच मुकाबले में गुरुवार को महिला फुटबॉल टीम का फाइनल मुकाबला खेला गया।

फाइनल मुकाबला हरियाणा और ओडिशा के बीच खेला गया जहां 90 मिनट का खेल पूरी तरह से रोमांचक रहा और दोनों टीमें कोई भी गोल नहीं कर पाई, इसके बाद मैच कमिश्नर ने पेनल्टी शूट ऑर्डर के निर्देश दिए। दोनों टीमों द्वारा चार-चार पेनल्टी मारा जहां हरियाणा की टीम उड़ीसा के टीम पर भारी रही और हरियाणा में चार गोल मारकर फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया।

जबकि उड़ीसा ने दो गोल मारे, इस तरह हरियाणा 4-2 से जीत हासिल करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। हल्द्वानी की अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित फुटबाल मैच काफी रोचक रहा जहां भारी संख्या में दर्शक फुटबॉल मैच देखने पहुंचे थे। हरियाणा की महिला फुटबॉल टीम



राष्ट्रीय खेल में पहली बार चैंपियन बनते हुए गोल्ड मेडल जीता है इसके बाद खिलाड़ियों में खुशी की लहर देखी गई खिलाड़ियों ने कहा कि सभी खिलाड़ियों की मेहनत और कोच के निर्देश पर बेहतर परफॉर्मेंस करते हुए मैच अपने नाम किया है। हरियाणा को गोल्ड मेडल से नवाजा गया जबकि उड़ीसा को सिल्वर मेडल से ही संतुष्ट करना पड़ा, जबकि पश्चिम बंगाल की टीम को कांस्य पदक से नवाजा गया है।



# नियमितीकरण 216वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर किया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत अनोखा पौधरोपण आंदोलन गुरुवार को 216वें दिन भी जारी रहा। बता दें कि गुरुवार को महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में महासंघ के पदाधिकारियों ने कुमाऊं आयुक्त और सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत को पौधा देकर ज्ञापन दिया। गुरुरानी के मुताबिक आयुक्त रावत ने कहा कि कर्मचारियों के प्रकरण पर उचित कार्रवाई के लिए ज्ञापन को शासन को प्रेषित करेंगे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के साथ किये जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम की की सराहना की। इस दौरान महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, उपाध्यक्ष गौतम कुमार व पीतांबर दुमका, जनपद पिथौरागढ़ के अध्यक्ष वेद प्रकाश भट्ट, नरेंद्र थापा, धनी पंत, कमलेश कटारिया, गंगा ढैला, भूपेंद्र सिंह, चंपा मनराल, बलवंत सिंह तथा छोटे लाल व हीरा आदि उपस्थित रही।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण: मंडल स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य समिति तथा बालाजी सेवा संस्थान देहरादून द्वारा मंडल स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल कुमाऊँ इन हल्द्वानी में डॉ. चंद्रा पंत (नोडल अधिकारी गैर संचारी रोग जनपद नैनीताल)के सहयोग से किया गया।

बता दें कार्यशाला में डॉ पुनीत चहर टेक्नीकल एडवाइजर (वाइटल स्टेटर्जी नई दिल्ली) तथा ममता थापा बालाजी सेवा संस्थान देहरादून उपस्थित रहे। कार्यशाला पर जनपद अल्मोडा, पिथौरागढ़,चंपावत, बागेश्वर तथा ऊधमसिंह नगर व नैनीताल जिले को डेंटल सर्जन, तंबाकू नियंत्रण कॉउंसलर तथा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कॉउंसलर द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर नैनीताल जिले के सीएमओ डॉ.हरीश चंद्र पंत द्वारा बताया गया कि सिगरेट पीने से मस्तिष्क में कुछ रसायनों पर असर पड़ता है, जब धूम्रपान करने वालों ने काफ ी समय तक सिगरेट नहीं पी होती है तो एक और सिगरेट पीने की लालसा उन्हें चिड़चिड़ा और चिंतित महसूस कराती है। सिगरेट जलाने पर ये भावनाएँ अस्थायी रूप से कम हो सकती हैं, इसलिए धूम्रपान करने वाले लोग बेहतर मूड को धूम्रपान से जोड़ते हैं। तम्बाकू का सेवन करने से मानसिक स्वास्थ्य पर कई तरह के नकारात्मक असर पड़ते हैं, तम्बाकू में मौजूद निकोटीन के कारण चिंता और तनाव कम हो सकता है लेकिन यह अस्थायी होता है, लंबे समय तक तम्बाकू का सेवन करने से चिंता और अवसाद के लक्षण बढ़ सकते हैं। इस मौके पर डॉ. चंद्रा पंत नोडल अधिकारी एनसीडी ने कहा कि धूम्रपान करने से गंभीर अवसाद का खतरा बढ़ जाता है। अवसाद से ग्रस्त लोगों में डोपामाइन का स्तर अक्सर कम होता है। ध्रूमपान करने वाले लोग बेहतर मूड को धूम्रपान से जोड़ते हैं,तम्बाकू चबाने से कई तरह के कैंसर हो सकते हैं, भारी मात्रा में तम्बाकू का सेवन करने वालों को दांत घिसने और दागदार होने की समस्या हो सकती है।

तम्बाकू से जुड़ी समस्याओं से निपटने के लिए व्यवहार और नीति परिवर्तन किए जा सकते हैं। कार्यशाला में डॉ मनीष पॉल गुप्ता मनोचिकित्सक, डॉ दीप्ति रावत, मदन सिंह मेहरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) समेत हरेन्द्र कठायत, हेम जलाल, मनोज बाबू, सतीश सती, सपना कांडपाल तथा दीवान सिंह बिष्ट द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## NEWS / फटाफट

### डॉ. हेमा का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के भौतिकी विभाग में कार्यरत संविदा प्राध्यापक डॉ. हेमा का चयन उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हो गया है। बता दें कि डॉ. हेमा ने डॉ तारा भट्ट एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के निर्देशन में अपना शोध पूर्ण किया था तथा विगत दो वर्षों से वह डीएसबी परिसर के भौतिकी विभाग में अपनी सेवाएं दे रही थी। डॉ. हेमा की सफ लता पर भौतिकी विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. सूची बिष्ट समेत डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत समेत डॉ. बिमल पांडे,डॉ.सीमा पांडे,डॉ.रमेश चंद्रा,डॉ गिरीश,डॉ. निशा सहित कुमाऊं विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ. विजय कुमार समेत कूटा परिवार ने खुशी जाहिर कर डा.हेमा के बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पत्रकार जगदीश की माता के निधन पर शोक जताया

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविधालय शिक्षक संघ (यूटा) ने वरिष्ठ पत्रकार जगदीश जोशी के माताजी पद्मा जोशी (90) के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है तथा श्रद्धांजलि दी है। कूटा तथा यूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत महासचिव डॉ. विजय कुमार, डॉ नीलू लोधियाल,डॉ दीपक कुमार,डॉ संतोष कुमार,डॉ पैनी जोशी, डॉ अनिल बिष्ट ,डॉ उमंग,डॉ सीमा,डॉ.नागेंद्र शर्मा, डॉ. युगल जोशी,डॉ दीपिका पंत तथा डॉ रितेश साह ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### देर रात गाइड आपस में भिड़े

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पर्यटकों को होटल दिलाने के लिए देर रात गाइड आपस में भिड़ गए। इस दौरान गाइडों के हंगामे के बीच पर्यटक भाग निकले। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को तल्लीताल क्षेत्र में गाइड पर्यटकों को होटलों में कमरे दिलाने के लिए पूछ रहे थे। इस दौरान दिल्ली के पर्यटकों से पूछताछ के दौरान गाइड आपस में भिड़ गए। विवाद बढ़ा तो गाइडों के बीच धक्का मुक्की हो गई। गाइडों को लड़ता देख पर्यटक मौके से भाग गए। हालांकि वहां तैनात पुलिस ने फ टकार लगाई तो सभी गाइड मौके से फ रार हो गए। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। गाइडों की खोजबीन की जा रही है।

### चौराहे पर गांधी जी के तीन बंदरों को भी स्थापित किया



**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल गांधी चौक पर स्थापित की गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के बगल में अब उनके तीन बंदरों को स्थापित कर दिया गया है। गांधी जी के तीन बंदर लोगों को बुरा न बोलने, बुरा न सुनने व बुरा न देखने का संदेश देंगे। बता दें कि नैनीताल के तल्लीताल गांधी चौक में चौराहे के चौड़ीकरण के बाद महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाई गई थी। अब चौराहे पर गांधी जी के तीन बंदरों को भी स्थापित कर दिया गया है। लोनिवि की ओर से पहले पुलिस चौकी के सामने वाले चबूतरे में बंदरों को स्थापित कर ट्रायल किया गया लेकिन उसके बाद लोगों व अधिकारियों की राय के बाद बंदरों को गांधी की प्रतिमा के बगल में लगा दिया गया है। मामले में लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश कुमार सक्सेना ने बताया कि शहर के सात चौराहों के चौड़ीकरण प्रोजेक्ट के तहत सौंदर्यकरण कार्य भी किये जा रहे हैं।

### जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत अर्जी चौथी बार भी खारिज

**नैनीताल ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की अदालत ने जानलेवा हमला करने के आरोपी की जमानत अर्जी चौथी बार भी खारिज कर दी है । अभियोजन पक्ष के 31 दिसम्बर 2023 को तल्ला रामगढ़ में कार्तिक नौरियाल ने मल्ला रामगढ़ निवासी विक्रम बिष्ट पर जानलेवा हमला किया । जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था । घायल के भाई अमन बिष्ट ने घटना की रिपोर्ट 2 जनवरी 2024 को भवाली थाने में दर्ज की थी । इस मामले में आरोपी की जमानत पहले तीन बार खारिज कर दी थी और चौथी बार पुन: जमानत अर्जी दायर हुई थी । जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील शर्मा ने विरोध किया ।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम की कार्यकारिणी गठित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की देख-देख में गुरुवार को निगम के हल्द्वानी मंडल कार्यकारिणी का गठन हल्द्वानी स्थित निगम के शॉपिंग कंपलेक्स में किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से गैस सर्विस हल्द्वानी में कार्यरत कैलाश जोशी को अध्यक्ष जबकि कार पार्किंग हल्द्वानी में कार्यरत नवीन पलडिया को महामंत्री वहीं गैस सर्विस हल्द्वानी में ही कार्यरत सुनीता कुंवर को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष शॉपिंग कंपलेक्स में कार्यरत राधा मेहता बनाया गया जबकि उपाध्यक्ष पर्वत वायर फैक्ट्री में कार्यरत महेश चंद्र को बनाया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी गैस सर्विस हल्द्वानी के नवीन लेखक और गैस सर्विस काठगोदाम की रेखा पवार को सौपी गई। संगठन मंत्री पद का दायित्व शॉपिंग कंपलेक्स की सपना दास और चंद्रा अधिकारी को सौपा गया। प्रचार मंत्री में गैस सर्विस हल्द्वानी की विमला सनवाल व गैस सर्विस हल्द्वानी के किशन सिंह बनाए गए। इसके साथ ही सर्व सम्मति से हल्द्वानी गैस सर्विस के प्रबंधक भरत सिंह खाती को संयोजक बनाया गया। इस मौके पर दिनेश गुरुरानी द्वारा सभी पदाधिकारियों को हिमालय बचाओ अभियान केतहत शपथ दिलाई गई साथ ही पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण काठगोदाम स्थित संघ भवन परिसर में किया। कार्यक्रम में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, उपाध्यक्ष गौतम कुमार व पीतांबर दुमका, जनपद पिथौरागढ़ के अध्यक्ष वेद प्रकाश भट्ट, नरेंद्र थापा, धनी पंत, कमलेश कटारिया, गंगा ढैला, भूपेंद्र सिंह, चंपा मनराल, बलवंत सिंह तथा छोटे लाल व हीरा उपस्थित रही।

# एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजने की पुलिस की अपील खारिज कर दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रथम/विशेष न्यायधीश एनडीपीएस एक्ट नैनीताल विक्रम की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार 3 आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजने की पुलिस की अपील खारिज कर दी और आरोपियों को 30-30 हजार के बॉन्ड भरने पर छोड़ दिया । इन मामलों में विवेचकों द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने से पूर्व उन्हें गिरफ्तारी का कारण नहीं बताया था। जबकि यह जांच अधिकारी के लिये संवैधानिक बाध्यता है ।

मामले के अनुसार पहले मामले में लालकुआं पुलिस ने चन्दन सिंह मेहता उर्फ गना पुत्र मोहन सिंह निवासी खुरियाखत्ता को एन डी पी एस एक्ट में गिरफ्तार किया । जिसकी विवेचना दरोगा गौरव जोशी ने की । लेकिन जब वे आरोपी को न्यायिक रिमांड में



भेजने के लिये कोर्ट के समक्ष लाये तो उनके द्वारा पेश गिरफ्तारी मेमो व अन्य प्रपत्रों में आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बताने के कॉलम को नहीं भरा था । जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 47 व संविधान के अनुच्छेद 22(1) के अनुपालन में गिरफ्तारी से पूर्व कारण बताना विवेचक की बाध्यता है । इसी आधार पर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजने की पुलिस के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया ।

लालकुआं थाने के दरोगा बलवीर सिंह भी एन डी पी एस एक्ट में गिरफ्तार सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा व हरजिंदर सिंह निवासी नानकमत्ता को न्यायिक रिमांड में जेल भेजने हेतु कोर्ट के समक्ष लाये थे । इसी दौरान दरोगा बलवीर सिंह जो कोर्ट में मौजूद थे, ने चन्दन सिंह मेहता मामले में कोर्ट के आदेश को सुना और वे सुखविंदर व हरजिंदर की गिरफ्तारी से सम्बंधित गिरफ्तारी मेमो में कोर्ट के अंदर ही कुछ भरने लगे । जिसे कोर्ट ने देख लिया । जिस पर कोर्ट ने गम्भीर रुख अपनाते हुए पुलिस की न्यायिक रिमांड नामंजूर कर दी और कोर्ट में गिरफ्तारी मेमो में छेड़छाड़ करने पर गम्भीर रुख अपनाया । कोर्ट ने पुलिस की आरोपियों के लिये मांगी गई न्यायिक रिमांड नामंजूर करते हुए आरोपी दरोगा बलवीर सिंह के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश डी जी पी व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं ।

# अभिमत

## मुफ्तखोरी घातक

*चुनाव जीतने के लिए मुफ्तखोरी की घोषणाएं देश को पीछे धकेल रही हैं, जबकि सभी पार्टियां विकास का राग अलापते नहीं थकती हैं। विकास सिर्फ नेता, उनके रिश्तेदार और करीबी लोगों का होता है। बिजली, पानी, राशन, साइकिल, लेपटॉप, मंगलसूत्र और अनेक चीजें मुफ्त देने की घोषणा सार्वजनिक रूप से की जाती है। कर्ज माफ करने का सिलसिला कई दशक पहले शुरू हो गया था। सभी पार्टियां एक-दूसरे पर मतदाता को प्रभावित करने के लिए मुफ्तखोरी का आरोप लगाती हैं। घोषणा-पत्र भी एक जैसा ही होता है।*

राजनीतिक दलों के झंडे का रंग और चुनाव चिह्न अलग-अलग हैं, लेकिन नीति करीब-करीब एक जैसी है। नेतागीरी का ध्येय केवल सत्ता हासिल करना है। राष्ट्रहित और जनहित से ऊपर निजी हित है। चुनाव जीतने के लिए मुफ्तखोरी की घोषणाएं देश को पीछे धकेल रही हैं, जबकि सभी पार्टियां विकास का राग अलापते नहीं थकती हैं। विकास सिर्फ नेता, उनके रिश्तेदार और करीबी लोगों का होता है। बिजली, पानी, राशन, साइकिल, लेपटॉप, मंगलसूत्र और अनेक चीजें मुफ्त देने की घोषणा सार्वजनिक रूप से की जाती है। कर्ज माफ करने का सिलसिला कई दशक पहले शुरु हो गया था। सभी पार्टियां एक-दूसरे पर मतदाता को प्रभावित करने के लिए मुफ्तखोरी का आरोप लगाती हैं। घोषणा-पत्र भी एक जैसा ही होता है। सभी राज्यों की विधानसभा के चुनाव में सौगात देना एक तरह से रिश्वत तथा वोट खरीदने की श्रेणी में आता है। निर्वाचन आयोग सरकार के अन्य विभागों की तरह एक महकमा है और उसके अधिकारी सरकार के अधीन हैं, इसलिए चुनाव में वोट खरीदने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाते हैं। निर्वाचन आयोग सिर्फ चुनाव की रश्म अदायगी करने को मजबूर है। सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेकर मुफ्तखोरी, सामान बांटने और कर्ज माफी को रिश्वत की श्रेणी में लाकर चुनाव को निष्पक्ष बनाने की पहल करनी होगी। सरकारी और निजी क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारी तथा कर्मचारियों के वेतन से टेक्स लिया जाता है। मध्यम वर्ग के बच्चे से लेकर वृद्ध तक को शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन आदि के लिए पैसा खर्च करना पड़ता है। खून-पसीने की कमाई से वसूल किये गये टेक्स से वोट खरीदना लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं है। निष्पक्ष चुनाव का उल्लंघन अपराध है। मुफ्तखोरी दीर्घकाल में राष्ट्रीय समस्या बन जायेगी। समाज का वर्ग विशेष मुफ्तखोरी की वजह से देश पर बोझ बनता जा रहा है। अपराधों के बढ़ने का एक कारण मुफ्तखोर बच्चे और युवा हैं। लोकतंत्र में सभी को एक समान अधिकार है। शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा और रोजगार लोकतांत्रिक देश के प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। धर्म, जाति, क्षेत्र का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। सदियों से विभिन्न भाषा, क्षेत्रीय बोली और रीति-रिवाज के लोग सद्भावना के साथ मिलजुलकर रहते आये हैं। चुनाव के दौरान उनके बीच नफरत का जहर घोला जाता है। सभी नागरिकों से एक जैसा व्यवहार होना चाहिए।

# नगर पालिका परिषद नैनीताल में ली शपथ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व सभासद को शुक्रवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने डीएसए मैदान में स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल समेत नवनिर्वाचित सभी 15 वार्डों के सभासदों को शपथ दिलाई।

वार्ड न. 1 स्टॉफ हॉउस रमेश प्रसाद रमेश प्रसाद, वार्ड नंबर दो शेर का डांडा अंकित चंद्रा, वार्ड नंबर तीन राज भवन काजल आर्या, चार नंबर वार्ड हरिनगर शीतल धीरज कटियार, पांच नंबर स्नोव्यू वार्ड जितेंद्र कुमार पाण्डे, छह नंबर वार्ड नारायण नगर भगवत सिंह रावत, वार्ड संख्या सात सूखाताल वार्ड गजाला कमाल, वार्ड संख्या आठ अयारपाटा वार्ड मनोज साह जगाती, वार्ड संख्या दस नैनीताल क्लब सपना बिष्ट, वार्ड संख्या 11 कृष्णापुर से सुरेंद्र कुमार, वार्ड नंबर 12 सैनिक स्कूल से निर्दलीय ललिता दफौटी, वार्ड संख्या 13 आवागढ़ से राकेश पवार, वार्ड संख्या 14 मल्लीताल बाजार से मुकेश जोशी मंटू, वार्ड संख्या 15 तल्लीताल बाजार से गीता उप्रेती ने शपथ ली। वार्ड नम्बर 9 के सभासद पूरन बिष्ट निजी कार्य के चलते अनुपस्थित रहे।



हॉटल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दिनेश साह,पूर्व पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी,पद्मश्री अनूप साह, वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह,राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सायय्यद नदीम मून, त्रिभुवन फर्तियाल,कमलेश तिवारी, हिमांशु पांडे, दीपक रुवाली, जेके शर्मा, पीके शर्मा,रईस भाई, डीएम भट्ट, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत,नरेंद्र कुमार, सुरेश गुरुरानी, मुन्नी तिवारी,जीत सिंह आनंद, डीएसए सचिव अनिल गाड़िया, पूर्व पालिका चेयरमैन संजय कुमार संजू, कुंदन बिष्ट,नाजिम बक्श,गिरीश जोशी मक्खन, दिनेश कटियार, धीरज कटियार समेत ईओ दीपक गोस्वामी, विनोद जीना, हिमांशु चंद्रा, मोहन चिलवाल, दीप राज, अमन राजन,दीपक कुमार भोलू,किशन नेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने शपथ समरोह के बाद पत्रकारों से बातचित करते हुए कहा कि नैनीताल पर्यटक नगरी हो यहां कि बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए एक विशेष तैयारी की जाएगी। पालिका कर्मचारियों का वेतन व अन्य समस्या पूर्ण की जाएगी। इसके अलावा शहर में होने वाले विकास कार्यों में और तेजी लाई जाएगी। कहा कि नैनीताल पालिका क्षेत्र में शौचालय,सीसीटीवी, विश्राम स्थल, सफाई व्यवस्था समेत स्ट्रीट लाइट अन्य मुद्दों पर कार्य किया जाएगा।

## नशे के खिलाफ महिलाओं ने पुलिस चौकी को घेरा

**शक्तिफार्म।** शक्तिफार्म में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में नशे का धंधा तेजी से फैल रहा है। बृहस्पतिवार को गांव निर्मल नगर की महिलाओं ने नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली और पुलिस चौकी का घेराव कर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट, मछली बाजार और पकौड़ी की दुकानों में खुलेआम शराब परोसी जा रही है। इसके अलावा सड़क, नदी और जंगल के किनारे खुलेआम नशा परोसा जा रहा है। गांव पिपलिया में जंगल से सटे इलाकों और सिड़कुल क्षेत्र में भी तेजी से नशे का धंधा चल रहा है। क्षेत्र में चोरी सहित अन्य जघन्य अपराध की घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से नशे के कारोबारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पुरुष फुटबॉल मैच आज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय खेल के तहत उत्तराखंड के हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पुरुष फुटबॉल मैच का शुक्रवार को आज फाइनल मुकाबला होना है, शाम 6:00 बजे उत्तराखंड और केरल आमने-सामने भिड़े की जहां गोल्ड मेडल के लिए मैच खेले जाएंगे जो भी टीम में जीतेंगे उसको गोल्ड मेडल से नवाजा जाएगा।



आज के मैच के देखने के लिए भारी संख्या में दर्शन पहुंचने वाले हैं जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मैच देखने के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया है। मैच देखने के लिए किसी तरह की कोई पास और शुल्क नहीं ली जाती है दशकों के लिए निशुल्क प्रवेश है। बुधवार को हुए दिल्ली और उत्तराखंड के बीच में हुए सेमीफाइनल मुकाबले देखने के लिए भारी संख्या में दर्शन पहुंचे हुए थे। दिल्ली और उत्तराखंड के बीच मुकाबला काफी रोचक देखा गया जहां पेनल्टी गोल मारकर उत्तराखंड में फाइनल में जगह बनाया है जहां शुक्रवार को उत्तराखंड का फाइनल मुकाबला केरला की टीम से होनी है। रोचक मुकाबले के दिल्ली के टीम ने खेल के 20 मिनट पर एक गोल मारकर उत्तराखंड पर बढ़त बनाई। आखरी समय तक मुकाबले काफी रोचक रहा 71 वे मिनट पर उत्तराखंड ने गोल मारकर मैच को बराबरी किया. आखरी समय तक दिल्ली और उत्तराखंड की टीम बराबरी पर रही जिसके बाद मैच कमिश्नर द्वारा प्लाटिंग के लिए निर्देश दिया गया जहां प्लांटी गोल के दौरान उत्तराखंड अपने पांच गोल धागे जबकि दिल्ली की टीम तीन गोल मारा जहां फाइनल मुकाबले में पेनल्टी गोल मारते हुए उत्तराखंड की टीम5-3 जीत दर्ज किया है. उत्तराखंड की टीम के जीते हैं चारों तरफ जश्न का माहौल देखा गया लोगों में उत्साह दिख गया जहां लोगों ने ढोल नगाड़ों पर जमकर डांस किया।

## फिल्मी दुनिया

# सोनू सूद की बढ़ी मुश्किलें, जारी हुआ गिरफ्तारी का वारंट



*पंजाब के लुधियाना की एक अदालत ने कथित धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वारंट लुधियाना की न्यायिक मजिस्ट्रेट रमनप्रीत कौर ने जारी किया। लुधियाना के एक वकील राजेश खन्ना ने कथित 10 लाख की धोखाधड़ी से जुड़ा मामला दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी मोहित शुक्ला ने उन्हें नकली रिजिका कॉइन में निवेश करने का लालच दिया. अदालत ने मामले में गवाही देने के लिए सोनू सूद को तलब किया लेकिन एक्टन समन पर हाजिर नहीं हुए. इसके चलते लुधियाना की न्यायिक मजिस्ट्रेट रमनप्रीत कौर ने वारंट जारी किया। लुधियाना की अदालत ने अपने आदेश में मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित ओशिवारा पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को सोनू सूद को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, आदेश में कहा गया है, सोनू सूद, निवासी आवास संख्या 605/606 कैसाब्लांका अपार्टमेंट को विधिवत समन या वारंट जारी किया गया है लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ. आपको आदेश दिया जाता है कि आप सोनू सूद को गिरफ्तार करें और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।*

## 10 फरवरी को अगली सुनवाई

*मुंबई के अंधेरी पश्चिम में ओशिवारा पुलिस स्टेशन को वारंट भेजा गया है, जिसमें उन्हें अभिनेता को गिरफ्तार करने और अदालत में पेश करने का निर्देश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को निर्धारित की गई है. गिरफ्तारी वारंट जारी होने से कुछ दिन पहले सोनू सूद ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की और सोमवार (3 फरवरी) को राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चार एम्बुलेंस दान कीं। फतेह एक्टर ने सूद चैरिटी फाउंडेशन को उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए सीएम नायडू के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया क्योंकि वे एक स्वस्थ भारत की दिशा में काम करना जारी रखते हैं।*

# हस्तशिल्प एवं लघु स्तरीय पुस्कारों का चयन किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में गुरुवार को कॉपरेटिव सभागार हल्द्वानी में जनपद स्तरीय चयन कमेटी द्वारा हस्तशिल्प एवं लघु स्तरीय पुस्कारों का चयन किया गया। जिसमें हस्तशिल्प क्षेत्र में किरण पंचपाल मधुवन इनक्लेव कुसुमखेड़ा हल्द्वानी उत्पाद ऐपण प्रथम, प्रियंका जोशी, त्रिलोक नगर हल्द्वानी उत्पाद गोबर व मिट्टी से निमित घर द्वितीय लघु स्तरीय, केएनसार्थक इण्टरप्राइजेज सदभावना कलोनी लालडांठ हल्द्वानी उत्पाद जूट का सामान प्रथम और क्वालिटी प्रिंटिंग क्वालिटी कालोनी हल्दूचौड़ उत्पाद प्रिंटिंग द्वितीय रही। बता दें कि प्रथम पुस्कार रु 6000 एवं द्वितीय पुस्कार रु 4000 एवं प्रमाण पत्र दिये जाने का प्रावधान है। इस दौरान चयन कमेटी में हिमालय चेम्बर ओफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीस के सचिव आर सी बिन्जौला, मलय त्रिपाठी, पल्वी गुप्ता महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र हल्द्वानी आदि मौजूद रहे।



News कॉर्नर

### सात दिवसीय विशेष शिविर में कई कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज की स्वयंसेवी छात्राओं के चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में गुरुवार को छात्राओं की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बता दें स्वयंसेवी छात्राओं की ओर से गुरुवार को अपने शिविर के कार्यक्रमों की शुरुआत प्रार्थना से की गयी। उसके बाद छात्राएं शिविर स्थल से सीधे नगर के प्रमुख ऐतिहासिक दर्शनीय स्थल राजभवन पहुंचे। इस दौरान छात्राओं ने गैथिक शैली में बने राजभवन के बारे में वहां के अधिकारियों व कर्मियों से विस्तार से जानकारी हासिल की। कई छात्राएं पहली मर्तबा राजभवन गई थी इसलिए उनके लिए राजभवन भ्रमण का अनुभव काफी यादगार रहा। शिविर के बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवी छात्राओं को तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने दैनिक जीवन में मोबाइल के उपयोग के बारे में जरुरी टिप्स दिए। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाएं ताकि वह विषम परिस्थितियों में उनका उपयोग कर सकें। इसके सात ही उन्होंने पुलिस विभाग की ओर से जनता के सहयोग के लिए चलायी जा रही योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी।

### अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल जमील का हृदय गति रुकने से निधन

**नैनीताल ।** नगर के अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल जमील का बीते रोज बुधवार को हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गयी, जैसे ही उनके इंतकाल की खबर लोगों को पता चली तो शहर में शोक की लहर दौड़ गयी। वह अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र व पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। बता दें कि अब्दुल जमील के निधन पर मुहर्रम कमेटी ने गहरा दुख जताया है। वह नगर के कई संगठनों से जुड़े थे तथा सामाजिक व्यक्ति थे, उनको सुपुर्द ए खाक बारापत्थर कब्रिस्तान में किया गया। उनके अंतिम सफ र जनाजे में मुहर्रम कमेटी, मोला अली कमेटी, जश्न ए मिलादुन नबी कमेटी, अंजुमन इस्लामिया तथा गुलशने गोहरण के सभी सदस्य शामिल हुए। उनके इंतकाल पर नैनीताल अंजुमन इस्लामिया तथा अंजुमन इस्लामिया वह मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बख्श समेत समीर अली, मो कासिम, रशीद वारसी, अब्दुल हसीन, मोईन, समीर अहमद, शाहिद वारसी और कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



### उद्यानपतियों को वैज्ञानिकों ने दिया प्रशिक्षण, शीतोष्ण फलों का उत्पादन बढ़ाने पर बल

**रामगढ़।** उद्यान एवं खाद्य प्रशिक्षण विभाग नैनीताल की ओर से शीतोष्ण फल उत्पादन बढ़ाने के लिए राजकीय उद्यान रामगढ़ में लगभग 150 उद्यानपतियों को वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण दिया। इंडियन आयल कारपोरेशन एवं हिमोत्थान सोसायटी के सहयोग से मैसर्स अवनि इंटरप्राइजेज देहरादून और स्टिक कंपनी ने पावर ट्रिलर, पावर स्प्रेयर, ट्रैक्टर आदि कृषि उपकरणों के स्टाल लगाकर तकनीकी जानकारी दी। केन्द्रीय शीतोष्ण बागवानी अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर के प्रधान वैज्ञानिक डा. अरुण किशोर ने सेब, कीवी, आडू, प्लम, अखरोट के उत्पादन की नवीनतम तकनीक और फसल पर लगने वाले कीट तथा रोगों पर नियंत्रण के बारे में बताया। स्वयं सेवी संस्था आरोही शीतला मुक्तेश्वर, वैज्ञानिक डा. नारायण सिंह ने सघन रोपण, कटाई, छंटाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन उद्यान विभाग के सलाहकार कमल किशोर जोशी ने किया। इस मौके पर मुख्य उद्यान अधिकारी डा. रजनीश, विक्रम सिंह नेगी, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रदीप ढैला, देवेन्द्र सिंह दरम्वाल, बसंत लाल साह, सरस्वती बृजवाल, ममता मेर, डा. रजनी लोहनी, संतोष कुमार, निर्मल भंडारी, कुंदन सिंह डसीला, राहुल बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### 414 टिन अवैध लीसे से भरे ट्रक मामले में विवेचक दरोगा के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश

**नैनीताल ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की अदालत ने 414 टिन अवैध लीसे से भरे ट्रक को सोमेश्वर से हल्द्वानी ले जा रहे ट्रक ड्राइवर की जमानत मंजूर करते हुए आरोपी ट्रक मालिक व लीसा भेजने वाले व्यक्ति के खिलाफ भीमताल थाने के दरोगा गगनदीप सिंह द्वारा पूछताछ न करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एसएसपी नैनीताल व डीआईजी कुमाऊं से उक्त व्यक्तियों से पूछताछ करने व विवेचक दरोगा गगनदीप सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने को कहा है । मामले के अनुसार 4 जनवरी 2025 को भीमताल में पुलिस ने ट्रक संख्या यू के 1 सीए 0913 से 414 टिन लीसा बरामद किया था ।

# ताइक्वांडो में फिक्सिंग का कोई ठोस सबूत नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय खेलों के ताइक्वांडो खेल में फिक्सिंग के आरोप लगने पर डीओसी को हटाने के जीटीसीसी के निर्णय को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

राष्ट्रीय खेलों के ताइक्वांडो खेल में फिक्सिंग के आरोप लगने पर डीओसी को हटाने के जीटीसीसी के निर्णय को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। तर्क और सुबूतों के बिना शिकायत करने पर कोर्ट ने प्रतियोगिता निदेशक (डीओसी) प्रवीण कुमार और हटाए गए सभी रेफरी और कोचों को बहाल करने के आदेश दिया। ताइक्वांडो में फिक्सिंग की शिकायत पर राष्ट्रीय खेल तकनीकी समिति (जीटीसीसी) ने बिना जांच डीओसी प्रवीण कुमार को हटा दिया था। उनकी जगह पुडुचेरी के एस दिनेश कुमार को डीओसी नियुक्त कर दिया था। साथ ही प्रतियोगिता में लगे ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ



इंडिया (टीएफआई) के 30 कोच और 18 रेफरी को हटाने का आदेश दिया। टीएफआई ने झूठे आरोप लगने पर टीएफआई ने दिल्ली हाईकोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि 28 जनवरी और 31 जनवरी को शिकायतें मिली थीं। किसी भी शिकायत के साथ कोई ठोस सामग्री नहीं है, केवल आरोप हैं। इस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने डीओसी और टीएफआई को प्रतियोगिता के पूरे अधिकार बहाल करने का फैसला सुनाया। कोर्ट के आदेश में यह बात सामने आई कि जीटीसीसी के पास जो शिकायत आई, उनमें डीओसी पर साल 2012 से पहले मामलों का जिक्र हैं। कोर्ट ने कहा कि 31 जनवरी की शिकायत में 2012 तक की अवधि के लिए कुछ आरोपों का उल्लेख है। डीओसी को बदलने के लिए कोई तर्क नहीं बताया गया है जो तकनीकी अधिकारियों में से एक नहीं है और फिक्स्चर तय करने में उसकी कोई भूमिका नहीं है। मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि भारत में टीएफआई के मान्यता प्राप्त एनएसएफ होने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय निकाय (विश्व ताइक्वांडो) ने इंडिया ताइक्वांडो (आईटी) नामक एक अन्य संगठन को मान्यता दी है।

# चौथे दिन भी जारी रहा पांच दिवसीय बॉर्डर क्षेत्र युवा आदान प्रदान कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**आयोजन**

- आज होगा कार्यक्रम का समापन शुक्रवार
- कुल 27 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे

नेहरू युवा केंद्र एवं माई भारत नैनीताल और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र नैनीताल में चल रहे पांच दिवसीय बॉर्डर क्षेत्र युवा आदान प्रदान कार्यक्रम गुरुवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा।

बता दें कि चौथे दिन की शुरुआत युवाओं ने योग से की। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने कैंची धाम एवं घोड़ाखाल स्थित गोलू देवता मंदिर के दर्शन करे और साथ ही भीमताल झील में नौका विहार का भी आनंद उठाया। उसके पश्चात उन्होंने भवाली स्थित भारतीय वायु सेना के स्टेशन में जाकर वहां के अधिकारियों से भारतीय वायु सेना के बारे में जानकारी ली। सायंकालीन सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें पांचों राज्यों के युवाओं ने प्रतिभाग किया और एक दूसरे के राज्यों के लोक संस्कृति को जाना। कार्यक्रम में आरती, रूपा तथा अनुज आदि का विशेष सहयोग रहा। इस बीच नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया ने बताया कि पांच दिवसीय बॉर्डर क्षेत्र युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का समापन शुक्रवार (आज) होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान के बाड़मेर, पंजाब के अमृतसर, बिहार के मधुबनी, उत्तर प्रदेश से लखीमपुर खीरी एवं पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर के पांच-पांच युवा एवं दो ग्रुप लीडर समेत कुल 27 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

पी0एम.जी.एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)

कोटेशन सूचना:-स्थित- जमरानी बांध कालोनी दमुवाढूंगा (हल्द्वानी) पिन कोड-263126

Email:eermgsyhld@rediffmail.com दूरभाष नं0- 05946-298454

## कोटेशन सूचना

अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त सहायक अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड हल्द्वानी के उपयोगार्थ निम्नलिखित वाहनों की एक वर्ष हेतु आवश्यकता है। राजकीय उपयोग हेतु चालक सहित ईंधन रहित मासिक किराये पर रखने हेतु दिनांक-13.02.2025, 1:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन आमन्त्रित किये जाते हैं जो कि उसी दिन सांय 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समस्त कोटेशनदाताओं के समक्ष खोले जायेंगे।

| क्र.सं. | वाहन का प्रकार | वाहनों की संख्या | उपयोगार्थ अधिकारी | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बोलेरो या समकक्ष व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन | 01 | अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी | प्रत्येक विषय/वाहन हेतु अलग-अलग कोटेशन प्रस्तुत करने होंगे। |
| 2. | बोलेरो या समकक्ष व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन | 02 | समस्त सहायक अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी | |

शर्तें:-

1. वाहन 2020 अथवा उसके बाद के रजिस्ट्रेशन का होना चाहिए।
2. वाहन का पंजीकरण टैक्सी परमिट में होना चाहिए।
3. वाहन से सम्बन्धित अभिलेख जैसे पंजीकरण, फिटनेस, इंश्योरेंस आदि पूर्ण होना चाहिए।
4. वाहन से सम्बन्धित अभिलेख कोटेशन के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
5. वाहन के चालक का कामर्शियल ड्राइविंग लाईसेंस पर्वतीय एवं मैदानी होना चाहिए।
6. वाहन स्वामी को वाहन किराया का भुगतान उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या- 212/IX-1/2016/2011/2023 दिनांक 17.02.2023 के द्वारा जारी दरों के प्रावधानानुसार किया जायेगा।
7. वाहन स्वामी का चालक का पारिश्रमिक व वाहन का रख रखाव का व्यय स्वयं वहन करना होगा।
8. प्राप्त कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सहायक अभियन्ता तृतीय, पी.एम.जी.एस.वाई., सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी को होगा।
9. वाहन के किराये की दरें स्वीकृत होने की दशा में वाहन स्वामी को रू0. 5000.00 जमानत राशि एवं 100/- रू0 का स्टॅम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र भरना होगा। जमानत धनराशि अनुबन्ध पूर्ण होने पर सम्बन्धित अभियन्ताओं से अदेयता पत्र प्राप्त होने पर वापस कर दी जायेगी।
10. वाहन के मरम्मत की अवधि में एवं चालक द्वारा छुट्टी पर जाने हेतु वाहन स्वामी द्वारा अन्य समकक्ष वाहन उपलब्ध कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में अन्य वाहन की व्यवस्था पर आने वाले व्यय को आपके देयकों से वसूल किया जायेगा।
11. वाहन का न्यूनतम ईंधन औसत 10 कि.मी. प्रति लीटर होना अनिवार्य है।

पत्रांकः- 74/पी0एम0जी0एस0वाई0
सि0 खं0, ह0/ कोटेशन/ दिनांकः- 5.02.2025

अधिशासी अभियन्ता
पी०एम०जी०एस०वाई०
सि० खं०, हल्द्वानी (नैनीताल)